# TOPPERSEXAM.COM

28-08-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TODAY NEWS HIGHLIGHT

- सतीश गोलचा बने दिल्ली होम गार्ड के अगले महानिदेशक
- केतन मर्चेंट को फिनो पेमेंट्स बैंक के अंतरिम MD एवं CEO के रूप में तीन महीने का विस्तार
- कंट्री संगीत की महान गायिका डॉली पार्टन का 80 वर्ष की आयु में निधन
- 2028 में प्रस्तावित नासा का SR-1 Freedom मिशन और SkyFall हेलीकॉप्टर
- बिश्केक में होगा SCO शिखर सम्मेलन 2026, संगठन मना रहा है 25वीं वर्षगांठ
- भारत के इस्पात क्षेत्र में मजबूत वृद्धि, अप्रैल–जुलाई 2026 में खपत 7.9% बढ़ी
- भारतीय नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निपुण'
- रक्षाबंधन—भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह का प्रमुख पर्व

# TOPPERSEXAM.COM

## 1. सतीश गोलचा बने दिल्ली होम गार्ड के अगले महानिदेशक

आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा (AGMUT कैडर, 1992 बैच) को दिल्ली सरकार के होम गार्ड निदेशालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी (OSD) नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान महानिदेशक वीरेंद्र सिंह की 30 सितंबर 2026 को सेवानिवृत्ति तक OSD के रूप में कार्य करेंगे। सतीश गोलचा 1 अक्टूबर 2026 से दिल्ली होम गार्ड के महानिदेशक (DG) का पदभार संभालेंगे। वे इससे पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त, महानिदेशक (जेल) और विशेष आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।



## 2. केतन मर्चेंट को फिनो पेमेंट्स बैंक के अंतरिम MD एवं CEO के रूप मे तीन महीने का विस्तार

फिनो पेमेंट्स बैंक ने केतन मर्चेंट को अंतरिम प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में तीन महीने का विस्तार दिया है, जो 27 अगस्त 2026 से प्रभावी होगा। यह विस्तार भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मंजूरी के अधीन है। केतन मर्चेंट 27 मई 2026 से अंतरिम MD एवं CEO के रूप में कार्य कर रहे हैं और इससे पहले बैंक के CFO थे। उन्हें पूर्व MD एवं CEO ऋषि गुप्ता के इस्तीफे के बाद बैंक का अंतरिम नेतृत्व सौंपा गया था।



## 3. कंट्री संगीत की महान गायिका डॉली पार्टन का 80 वर्ष की आयु मे निधन

विश्व प्रसिद्ध अमेरिकी कंट्री संगीत गायिका, गीतकार, अभिनेत्री और समाज सेविका डॉली पार्टन का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका जन्म 19 जनवरी 1946 को टेनेसी में हुआ था और वे लगभग 60 वर्षों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहीं। उन्होंने लगभग 3,000 गीत लिखे, 1 करोड़ से अधिक एल्बम बेचे और 11 ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त किए। वे फिल्मों, टेलीविजन और व्यवसाय में भी सफल रहीं तथा टेनेसी में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल Dollywood की स्थापना की।



## 4. 2028 मे प्रस्तावित नासा का SR-1 Freedom मिशन और SkyFall हेलीकॉप्टर

नासा का प्रस्तावित SR-1 Freedom मिशन 2028 में उन्नत अंतरिक्ष-ऊर्जा प्रौद्योगिकी और मंगल ग्रह के वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए भेजा जाएगा। मिशन में परमाणु विखंडन रिएक्टर से लगभग 20 किलोवाट विद्युत शक्ति उत्पन्न कर इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन प्रणाली को संचालित करने की योजना है। इसमें SkyFall नामक तीन छोटे हेलीकॉप्टर शामिल होंगे, जो कैमरे, सेंसर और Ground-Penetrating Radar से मंगल की सतह का अध्ययन करेंगे। मिशन का प्रमुख उद्देश्य मंगल की सतह के नीचे संभावित जल-बर्फ भंडारों की खोज करना है, जो भविष्य के मानव मिशनों के लिए उपयोगी हो सकते हैं।



## 5. बिश्केक मे होंगा SCO शिखर सम्मेलन 2026, संगठन मना रहा है 25वीं वर्षगांठ



शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन 31 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक बिश्केक, किर्गिस्तान में किया जाएगा। वर्ष 2026 में SCO अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है और शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय सतत शांति, विकास और समृद्धि है। शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद, साइबर सुरक्षा, व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर चर्चा होगी। SCO के 10 सदस्य हैं—भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस।

## 6. भारत के इस्पात क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि, अप्रैल–जुलाई 2026 मे खपत 7.9% बढ़ी



वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत में तैयार इस्पात की खपत 7.9% बढ़कर 56 मिलियन टन हो गई, जबकि उत्पादन 4.7% बढ़कर 54.7 मिलियन टन रहा। कच्चे इस्पात का उत्पादन 2.4% बढ़कर 56.2 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो इस्पात क्षेत्र में मजबूत घरेलू मांग को दर्शाता है। तैयार इस्पात का आयात 36.6% बढ़कर 2.77 मिलियन टन और निर्यात 35% बढ़कर 2.29 मिलियन टन रहा, जिससे भारत शुद्ध आयातक बना रहा। मिश्रधातु इस्पात में उत्पादन और खपत में मजबूत वृद्धि दर्ज हुई, जबकि स्टेनलेस स्टील की बढ़ती मांग के बावजूद घरेलू उत्पादन में गिरावट देखी गई।

## 7. भारतीय नौसेना मे शामिल होगा स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निपुण'



भारतीय नौसेना 31 अगस्त 2026 को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में निस्तार श्रेणी के दूसरे डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV) 'निपुण' को कमीशन करेगी। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL), विशाखापत्तनम द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। 'निपुण' गहरे समुद्र में गोताखोरी, जलमग्न अभियानों और Underwater Intervention Operations में नौसेना को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगा। यह पनडुब्बी बचाव सहायता, आधुनिक नेविगेशन, स्टेशन-कीपिंग और चिकित्सकीय सुविधाओं से भी सुसज्जित है।

## 8. रक्षाबंधन—भारतीय संस्कृति मे भाई-बहन के स्नेह का प्रमुख पर्व



रक्षाबंधन भारत का प्रमुख पारंपरिक पर्व है, जो भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और पारस्परिक संरक्षण का प्रतीक है। यह प्रतिवर्ष हिंदू पंचांग के श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, जिसे श्रावणी पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह पर्व कृष्ण-द्रौपदी, इंद्र-इंद्राणी और यम-यमुना जैसी पौराणिक कथाओं से जुड़ा है तथा सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। श्रावण पूर्णिमा के दिन उपाकर्म, ऋषि तर्पण और कुछ तटीय क्षेत्रों में नारियल पूर्णिमा जैसी परंपराएँ भी मनाई जाती हैं।

1. सतीश गोलचा किस कैडर के आईपीएस अधिकारी है ?

A - AGMUT
B - महाराष्ट्र
C - राजस्थान
D - उत्तर प्रदेश

आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा (AGMUT कैडर, 1992 बैच) को दिल्ली होम गार्ड निदेशालय मे OSD नियुक्त किया गया है और वे 30 सितंबर 2026 तक इस पद पर रहेगें। वे 1 अक्टूबर 2026 से दिल्ली होम गार्ड के महानिदेशक (DG) का पदभार संभालेगें।



2. केतन मर्चेंट को किस बैंक के अंतरिम MD एवं CEO के रूप मे विस्तार मिला है ?

A - इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक
B - फिनो पेमेंट्स बैंक
C - एयरटेल पेमेंट्स बैंक
D - पेटीएम पेमेंट्स बैंक

फिनो पेमेंट्स बैंक ने केतन मर्चेंट को अंतरिम MD एवं CEO के रूप मे 27 अगस्त 2026 से तीन महीने का विस्तार दिया है, जो RBI की मंजूरी के अधीन है। केतन मर्चेंट इससे पहले बैंक के CFO थे और ऋषि गुप्ता के इस्तीफे के बाद उन्हे अंतरिम नेतृत्व सौंपा गया था।




3. डॉली पार्टन ने अपने करियर मे कितने ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त किए ?

A - 9
B - 10
C - 11
D - 12


विश्व प्रसिद्ध अमेरिकी कंट्री संगीत गायिका, गीतकार, अभिनेत्री और समाज सेविका डॉली पार्टन का 80 वर्ष की आयु मे निधन हो गया; उनका जन्म 19 जनवरी 1946 को टेनेसी मे हुआ था। उन्होंने लगभग 3,000 गीत लिखे, 1 करोड़ से अधिक एल्बम बेचे, 11 ग्रैमी पुरस्कार जीते और टेनेसी मे प्रंसिद्ध पर्यटन स्थल Dollywood की स्थापना की।



4. SR-1 Freedom मिशन मे ऊर्जा उत्पादन के लिए किसका उपयोग प्रस्तावित है ?

A - सौर पैनल
B - परमाणु विखंडन रिएक्टर
C - पवन ऊर्जा
D - जलविद्युत

नासा का प्रस्तावित SR-1 Freedom मिशन 2028 मे परमाणु-विद्युत प्रणोदन तकनीक और मंगल ग्रह के वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए भेजा जाएगा। मिशन मे SkyFall के तीन हेलीकॉप्टर मंगल की सतह और भूमिगत संभावित जल-बर्फ भंडारों का अध्ययन करेगें।



**5. SCO शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किस देश मे होगा ?**

A - कजाकिस्तान
B - उज्बेकिस्तान
C - किर्गिस्तान
D - ताजिकिस्तान

शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन 31 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक बिश्केक, किर्गिस्तान मे होगा, जो संगठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन मे सुरक्षा, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर चर्चा होगी तथा SCO के वर्तमान मे 10 सदस्य देश है।




**6. अप्रैल-जुलाई 2026 के दौरान भारत मे तैयार इस्पात की खपत कितनी बढ़कर हुई ?**

A - 52 मिलियन टन
B - 54.7 मिलियन टन
C - 56 मिलियन टन
D - 56.2 मिलियन टन


वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-जुलाई मे भारत की तैयार इस्पात खपत 7.9% बढ़कर 56 मिलियन टन और उत्पादन 4.7% बढ़कर 54.7 मिलियन टन हो गया। आयात 2.77 मिलियन टन और निर्यात 2.29 मिलियन टन रहने से भारत शुद्ध इस्पात आयातक बना रहा, जबकि मिश्रधातु इस्पात मे मंजबूत वृद्धि दर्ज की गई।



**7. 'निपुण' किस श्रेणी का पोत है ?**

A - विध्वंसक पोत
B - डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV)
C - विमानवाहक पोत
D - मिसाइल पोत

भारतीय नौसेना 31 अगस्त 2026 को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड मे निस्तार श्रेणी के दूसरे डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV) 'निपुण' को कमीशन करेगी। HSL, विशाखापत्तनम द्वारा निर्मित 'निपुण' गहरे समुद्र मे गोताखोरी, जलमग्न अभियानों और पनडुब्बी बचाव सहायता के लिए उपयोगी होगा।



**8. रक्षाबंधन किस मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ?**

A - चैत्र
B - श्रावण
C - कार्तिक
D - फाल्गुन

रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व है, जो भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और पारस्परिक संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है तथा श्रावण पूर्णिमा पर उपाकर्म, ऋषि तर्पण और नारियल पूर्णिमा जैसी परंपराएँ भी मनाई जाती है।



# One Liner

1. रक्षाबंधन हिंदू पंचांग के किस मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ? - श्रावण मास की पूर्णिमा।

2. 'निपुण' का निर्माण किस भारतीय शिपयार्ड ने किया है ? - हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL), विशाखापत्तनम।

3. प्रसिद्ध अमेरिकी कंट्री संगीत गायिका डॉली पार्टन का जन्म किस अमेरिकी राज्य मे हुआ था ? - टेनेसी।

4. नासा के प्रस्तावित SR-1 Freedom मिशन मे कितने SkyFall हेलीकॉप्टर शामिल होंगे ? - तीन हेलीकॉप्टर।

5. केतन मर्चेंट को किस बैकं के अंतरिम MD एवं CEO के रूप मे तीन महीने का विस्तार मिला है ? - फिनो पेमेंट्स बैकं।

6. सतीश गोलचा 1 अक्टूबर 2026 से किस पद का कार्यभार संभालेगें ? - दिल्ली होम गार्ड के महानिदेशक (DG)।

7. अप्रैल-जुलाई 2026 के दौरान भारत मे तैयार इस्पात की खपत कितनी बढ़कर हुई ? - 56 मिलियन टन।

8. श्रावण पूर्णिमा को अन्य किस नाम से जाना जाता है ? - श्रावणी पूर्णिमा।

9. भारत मे निस्तार श्रेणी के दूसरे Diving Support Vessel का नाम क्या है ? - निपुण।

10. SCO शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन कहाँ किया जाएगा ? - बिश्केक, किर्गिस्तान।

# TOPPERSEXAM.COM

28-08-2026

# CURRENT AFFAIRS









## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- **Satish Golcha appointed as the next Director General of Delhi Home Guards**
- **Ketan Merchant gets three-month extension as interim MD & CEO of Fino Payments Bank**
- **Country music legend Dolly Parton dies at 80**
- **NASA's SR-1 Freedom mission and SkyFall helicopter, proposed in 2028**
- **SCO Summit 2026 to be held in Bishkek, organization is celebrating 25th anniversary**
- **India's steel sector sees strong growth, with consumption rising 7.9% in April-July 2026**
- **Indigenous Diving Support Vessel 'Nipun' to be inducted into Indian Navy**
- **Raksha Bandhan – a major festival of brother-sister affection in Indian culture**

## 1. Satish Golcha Named Next Director General of Delhi Home Guards

IPS officer Satish Golcha (AGMUT cadre, 1992 batch) has been appointed as the Officer on Special Duty (OSD) in the Delhi Government's Directorate of Home Guards. He will serve as OSD until the retirement of the current Director General, Virendra Singh, on September 30, 2026. Satish Golcha will assume the charge of Director General (DG) of Delhi Home Guards effective October 1, 2026. Previously, he has held key positions such as Commissioner of Delhi Police, Director General (Prisons), and Special Commissioner (Law and Order).



## 2. Ketan Merchant gets a three-month extension as Interim MD & CEO of Fino Payments Bank

Fino Payments Bank has granted a three-month extension to Ketan Merchant as Interim Managing Director (MD) and Chief Executive Officer (CEO), effective from August 27, 2026. This extension is subject to the approval of the Reserve Bank of India (RBI). Ketan Merchant has been serving as Interim MD & CEO since May 27, 2026, and was previously the bank's CFO. He was entrusted with the bank's interim leadership following the resignation of former MD & CEO Rishi Gupta.



## 3. Legendary Country Music Singer Dolly Parton Passes Away at 80

World-renowned American country music singer, songwriter, actress, and philanthropist Dolly Parton has passed away at the age of 80. Born on January 19, 1946, in Tennessee, she remained active in the entertainment industry for nearly 60 years. She wrote approximately 3,000 songs, sold over 10 million albums, and won 11 Grammy Awards. She also achieved success in film, television, and business, and established the famous tourist attraction 'Dollywood' in Tennessee.



## 4. NASA’s Proposed SR-1 Freedom Mission and SkyFall Helicopters (2028)

NASA’s proposed SR-1 Freedom mission is scheduled for launch in 2028 to demonstrate advanced space-energy technology and conduct scientific exploration of Mars. The mission plans to utilize a nuclear fission reactor to generate approximately 20 kilowatts of electrical power to operate an electric propulsion system. It will include three small helicopters named 'SkyFall,' which will study the Martian surface using cameras, sensors, and Ground-Penetrating Radar. The mission's primary objective is to search for potential subsurface water-ice deposits that could be valuable for future human missions.



Contact No. - 7891099005, 7891099006

## 5. Bishkek to Host SCO Summit 2026; Organization Marks 25th Anniversary



**The Shanghai Cooperation Organisation (SCO) Summit 2026 will be held in Bishkek, Kyrgyzstan, from August 31 to September 1, 2026. The year 2026 marks the 25th anniversary of the SCO's establishment, and the summit's central theme is sustainable peace, development, and prosperity. Discussions at the summit will cover terrorism, separatism, extremism, cybersecurity, trade, transport, and regional connectivity. The SCO has 10 member states: India, China, Russia, Pakistan, Kazakhstan, Kyrgyzstan, Tajikistan, Uzbekistan, Iran, and Belarus.**

## 6. Robust growth in India's steel sector; consumption rose by 7.9% during April–July 2026



**During the April–July period of the 2026-27 fiscal year, India's finished steel consumption rose by 7.9% to 56 million tonnes, while production increased by 4.7% to 54.7 million tonnes. Crude steel production grew by 2.4% to reach 56.2 million tonnes, reflecting strong domestic demand within the steel sector. Imports of finished steel surged by 36.6% to 2.77 million tonnes, and exports rose by 35% to 2.29 million tonnes, leaving India a net importer. Alloy steel recorded robust growth in both production and consumption, whereas domestic production of stainless steel saw a decline despite rising demand.**

## 7. Indigenous Diving Support Vessel ‘Nipun’ to Join Indian Navy



**The Indian Navy will commission ‘Nipun’, the second Diving Support Vessel (DSV) of the Nistar class, at the Naval Dockyard in Mumbai on August 31, 2026. It has been indigenously designed and constructed by Hindustan Shipyard Limited (HSL), Visakhapatnam. ‘Nipun’ will provide significant support to the Navy in deep-sea diving, submerged operations, and underwater intervention operations. It is also equipped with submarine rescue support, modern navigation, station-keeping capabilities, and medical facilities.**

## 8. Raksha Bandhan—A major festival of sibling affection in Indian culture



**Raksha Bandhan is a major traditional festival in India, symbolizing the love, trust, and mutual protection shared between siblings. It is celebrated annually on the full moon day (Purnima) of the Hindu month of Shravan, also known as Shravani Purnima. The festival is linked to mythological tales such as those of Krishna-Draupadi, Indra-Indrani, and Yama-Yamuna, and conveys a message of social harmony. Traditions such as Upakarma, Rishi Tarpan, and—in certain coastal regions—Nariyal Purnima are also observed on Shravan Purnima.**

TOPPERSEXAM.COM

**1. Satish Golcha is an IPS officer of which cadre?**

A - AGMUT
B - Maharashtra
C - Rajasthan
D - Uttar Pradesh

IPS officer Satish Golcha (AGMUT cadre, 1992 batch) has been appointed as OSD in the Delhi Home Guards Directorate and will hold this position until September 30, 2026. He will assume the charge of Director General (DG) of Delhi Home Guards from October 1, 2026.



**2. Ketan Merchant has received an extension as the interim MD & CEO of which bank?**

A - India Post Payments Bank
B - Fino Payments Bank
C - Airtel Payments Bank
D - Paytm Payments Bank

Fino Payments Bank has granted a three-month extension to Ketan Merchant as interim MD & CEO, effective from August 27, 2026, subject to RBI approval. Ketan Merchant was previously the bank's CFO and was entrusted with interim leadership following the resignation of Rishi Gupta.




**3. How many Grammy Awards did Dolly Parton receive in her career?**

A - 9
B - 10
C - 11
D - 12


World-renowned American country music singer, songwriter, actress, and philanthropist Dolly Parton passed away at the age of 80; she was born on January 19, 1946, in Tennessee. She wrote approximately 3,000 songs, sold over 10 million albums, won 11 Grammy Awards, and established the famous tourist destination Dollywood in Tennessee.



**4. What is proposed to be used for energy generation in the SR-1 Freedom mission?**

A - Solar panel
B - Nuclear fission reactor
C - Wind energy
D - Hydropower

NASA's proposed SR-1 Freedom mission is scheduled to be launched in 2028 to utilize nuclear-electric propulsion technology and conduct scientific exploration of Mars. As part of the mission, three 'SkyFall' helicopters will study the Martian surface and potential subsurface water-ice deposits.



Contact No. - 7891099005, 7891099006

5. Which country will host the SCO Summit 2026?

A - Kazakhstan
B - Uzbekistan
C - Kyrgyzstan
D - Tajikistan

The Shanghai Cooperation Organisation (SCO) Summit 2026 will be held in Bishkek, Kyrgyzstan, from August 31 to September 1, 2026, marking the 25th anniversary of the organization. The summit will focus on discussions regarding security, terrorism, cybersecurity, trade, transport, and regional connectivity; the SCO currently has 10 member countries.




6. What was the consumption of finished steel in India during April–July 2026?

A - 52 million tonnes
B - 54.7 million tonnes
C - 56 million tonnes
D - 56.2 million tonnes


During the April–July period of the 2026-27 fiscal year, India's finished steel consumption rose by 7.9% to 56 million tonnes, and production increased by 4.7% to 54.7 million tonnes. With imports at 2.77 million tonnes and exports at 2.29 million tonnes, India remained a net steel importer, while strong growth was recorded in alloy steel.



7. What type of vessel is 'Nipun'?

A - Destroyer
B - Diving Support Vessel (DSV)
C - Aircraft Carrier
D - Missile Vessel

The Indian Navy will commission 'Nipun'—the second Diving Support Vessel (DSV) of the Nistar class—at the Naval Dockyard in Mumbai on August 31, 2026. 'Nipun', built by HSL, Visakhapatnam, will be useful for deep-sea diving, underwater operations, and submarine rescue support.



8. On the full moon day of which month is Raksha Bandhan celebrated?

A - Chaitra
B - Shravan
C - Kartik
D - Phalguna

Raksha Bandhan is a festival celebrated on the full moon day of the month of Shravan; it symbolizes the love, trust, and mutual protection shared between siblings. This festival conveys a message of social harmony, and traditions such as Upakarma, Rishi Tarpan, and Coconut Purnima (Nariyal Purnima) are also observed on Shravan Purnima.



# One Liner

1. On the full moon day of which month of the Hindu calendar is Raksha Bandhan celebrated? - The full moon day of the month of Shravan.

2. Which post will Satish Golcha assume charge of starting October 1, 2026? - Director General (DG) of Delhi Home Guards.

3. In which US state was the famous American country music singer Dolly Parton born? - Tennessee.

4. What is the name of the second Diving Support Vessel of the 'Nistar' class in India? - Nipun.

5. What did the consumption of finished steel in India rise to during the April-July 2026 period? - 56 million tonnes.

6. How many SkyFall helicopters will be included in NASA's proposed SR-1 Freedom mission? - Three helicopters.

7. Which Indian shipyard constructed 'Nipun'? - Hindustan Shipyard Limited (HSL), Visakhapatnam.

8. By what other name is Shravan Purnima known? - Shravani Purnima.

9. Where will the SCO Summit 2026 be held? - Bishkek, Kyrgyzstan.

10. Ketan Merchant has received a three-month extension as the interim MD and CEO of which bank? - Fino Payments Bank.